**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–08.02.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रोटेक किसान मेले का किया उद्घाटन, कृषि उत्पादकता और पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर।**
2. **दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को दिया धन्यवाद, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा– यह प्रधानमंत्री की गारंटी की जीत।**
3. **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के तहत पूर्वोत्तर के युवाओं से किया संवाद, कहा – यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत का सर्वोत्तम उदाहरण।**
4. **रांची के मोरहाबादी मैदान में 16वां इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर शुरू, मेले में 8 देशों और 15 राज्यों के लगे स्टॉल।**
5. **रांची के जेएससीए स्टेडियम में कल मैत्री क्रिकेट मैच का होगा आयोजन, सीएस–11 और डीजीपी–11 की टीमें होंगी आमने–सामने।**

**समाचार विस्तार से**

***********************

रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आज से 10 फरवरी तक होने वाले तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। मेले में 120 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां कृषि से जुड़ी तकनीक, बीज, उर्वरक और यंत्र प्रदर्शित किए जा रहे हैं। मौके पर मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादकता और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिले जनादेश के लिए दिल्ली की जनता को धन्यवाद दिया है। इधर, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की जीत बताया।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन, राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के तहत आज रांची में पूर्वोत्तर भारत के युवाओं से संवाद किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की ऊर्जा और समर्पण आवश्यक है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण 10 फरवरी को सुबह 11 बजे से किया जायेगा। इसे लेकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की है। इस कार्यक्रम को लेकर गिरिडीह जिले के छात्र काफी उत्साहित हैं।

*******************

चतरा पुलिस ने एनआईए टेरर फंडिंग मामले के सरकारी गवाह विशुन साव की हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। चतरा एसपी विकास पांडे ने बताया कि आरोपियों के पास से उग्रवादियों की वर्दी, नकाब और नकली बंदूक बरामद हुई है।

इधर जमशेदपुर के गुड़ाबांदा और धालभूमगढ़ में रंगदारी मांगने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी किशोर कौशल ने बताया कि आरोपियों के पास से हथियार सहित घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई।

*******************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव आशुतोष मोहले ने तकनीकी क्षेत्र में मौलिक अनुसंधान और नई सोच पर बल दिया है। आज नोएडा में आयोजित एक्स आर क्रिएटर हैकेथॉन–दिल्ली मीट अप को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हैकेथॉन से देश में युवाओं के लिए अनेक संभावनाएं सृजित होंगी।

******************

रांची के मोराबादी मैदान में आज 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का उद्घाटन राज्य के श्रम और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया। इस 10 दिवसीय मेले में आठ देशों और 15 राज्यों के स्टाल लगे हैं। मौके पर श्री यादव ने कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं।

******************

दुमका के जनजातीय हिजला मेला महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

गिरिडीह जिले में 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा खिलाने का कार्यक्रम शुरू होगा। सिविल सर्जन डॉ एस पी मिश्रा ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत जिले में कुल 1755 बूथों पर यह दवा खिलाई जाएगी।

इधर धनबाद जिले में भी इस दौरान फाइलेरिया उन्मूलन के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन ने बताया कि जिले के दो हजार दो सौ अड़तालिस बूथों पर 26 लाख से अधिक लोगों को दवा दी जाएगी।

******************

कोल इंडिया मैराथन कल रांची के मोरहाबादी में आयोजित होगी, जिसमें झारखंड समेत देश भर के 10,000 से अधिक धावक भाग लेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मुक्केबाज मैरी कॉम समेत कोल इंडिया, सीसीएल और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता चार श्रेणियां में होगी और विजेताओं को कुल 35 लाख 10 हजार रूपए नकद पुरस्कार मिलेगा। इस सिलसिले में आज सी.सी.एल. के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

******************

रांची के जेएससीए स्टेडियम में कल चीफ सेक्रेट्री की टीम सीएस इलेवेन और डीजीपी की टीम–डीजीपी इलेवेन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। यह मैच कल दोपहर तीन बजे खेला जाएगा। इस मैच के दौरान आईएएस और आईपीएस अधिकारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

*************